Adda247 GET IT ON Google Play

Exam Date - 15.10.22

प्रश्न पुस्तिका संख्या / Question Booklet No. 4040773

पुस्तिका में पृष्ठों की संख्या : **16**
No. of Pages in Booklet : **16**
पुस्तिका में प्रश्नों की संख्या : **150**
No. of Questions in Booklet : **150**
Paper Code : **09**
SUBJECT : **Hindi**

# LS-22

समय : **3.00** घण्टे
Time: **3.00** Hours

## Paper-II

अधिकतम अंक : **300**
Maximum Marks: **300**

**प्रश्न पुस्तिका के पेपर सील/पॉलिथिन बैग को खोलने पर परीक्षार्थी यह सुनिश्चित कर लें कि प्रश्न पुस्तिका संख्या तथा ओ.एम.आर. उत्तर–पत्रक पर अंकित बारकोड समान हैं। इसमें कोई भिन्नता हो, तो परीक्षार्थी वीक्षक से दूसरा प्रश्न–पत्र प्राप्त कर लें। ऐसा सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी अभ्यर्थी की होगी।**

**On opening the paper seal/ polythene bag of the Question Booklet the candidate should ensure that Question Booklet Number and Barcode of OMR Answer Sheet must be same. If there is any difference, candidate must obtain another Question Booklet from Invigilator. Candidate himself shall be responsible for ensuring this.**

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।
2. सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।
3. प्रत्येक प्रश्न का केवल एक ही उत्तर दीजिए।
4. एक से अधिक उत्तर देने की दशा में प्रश्न के उत्तर को गलत माना जाएगा।
5. प्रत्येक प्रश्न के चार वैकल्पिक उत्तर दिये गये हैं, जिन्हें क्रमशः **1, 2, 3, 4** अंकित किया गया है। अभ्यर्थी को सही उत्तर निर्दिष्ट करते हुए उनमें से केवल एक गोले अथवा बबल को उत्तर–पत्रक पर **नीले बॉल प्वॉइंट पेन** से गहरा करना है।
6. **OMR** उत्तर–पत्रक इस परीक्षा पुस्तिका के अन्दर रखा है। जब आपको परीक्षा पुस्तिका खोलने को कहा जाए, तो उत्तर–पत्रक निकाल कर ध्यान से केवल **नीले बॉल प्वॉइंट पेन** से विवरण भरें।
7. **प्रत्येक गलत उत्तर के लिए प्रश्न अंक का 1/3 भाग काटा जायेगा।** गलत उत्तर से तात्पर्य अशुद्ध उत्तर अथवा किसी भी प्रश्न के एक से अधिक उत्तर से है। किसी भी प्रश्न से संबंधित गोले या बबल को खाली छोड़ना गलत उत्तर नहीं माना जायेगा।
8. मोबाइल फोन अथवा इलेक्ट्रॉनिक यंत्र का परीक्षा हॉल में प्रयोग पूर्णतया वर्जित हैं। यदि किसी अभ्यर्थी के पास ऐसी कोई वर्जित सामग्री मिलती है, तो उसके विरुद्ध आयोग द्वारा नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।
9. कृपया अपना रोल नम्बर ओ.एम.आर. पत्रक पर सावधानी पूर्वक सही भरें। गलत अथवा अपूर्ण रोल नम्बर भरने पर **5 अंक** कुल प्राप्तांकों में से काटे जा सकते हैं।
10. यदि किसी प्रश्न में किसी प्रकार की कोई मुद्रण या तथ्यात्मक प्रकार की त्रुटि हो, तो प्रश्न के हिन्दी तथा अंग्रेज़ी रूपान्तरों में से अंग्रेज़ी रूपान्तर मान्य होगा।

**चेतावनी :** अगर कोई अभ्यर्थी नकल करते पकड़ा जाता है या उसके पास से कोई अनधिकृत सामग्री पाई जाती है, तो उस अभ्यर्थी के विरुद्ध पुलिस में प्राथमिकी दर्ज कराते हुए विविध नियमों–प्रावधानों के तहत कार्यवाही की जाएगी। साथ ही विभाग ऐसे अभ्यर्थी को भविष्य में होने वाली विभाग की समस्त परीक्षाओं से विवर्जित कर सकता है।

## INSTRUCTIONS FOR CANDIDATES

1. Answer all questions.
2. All questions carry equal marks.
3. Only one answer is to be given for each question.
4. If more than one answers are marked, it would be treated as wrong answer.
5. Each question has four alternative responses marked serially as **1, 2, 3, 4**. You have to darken only one circle or bubble indicating the correct answer on the Answer Sheet using **BLUE BALL POINT PEN.**
6. The **OMR** Answer Sheet is inside this Test Booklet. When you are directed to open the Test Booklet, take out the Answer Sheet and fill in the particulars carefully with **blue ball point pen** only.
7. **1/3 part of the mark(s) of each question will be deducted for each wrong answer.** A wrong answer means an incorrect answer or more than one answers for any question. Leaving all the relevant circles or bubbles of any question blank will not be considered as wrong answer.
8. Mobile Phone or any other electronic gadget in the examination hall is strictly prohibited. A candidate found with any of such objectionable material with him/her will be strictly dealt as per rules.
9. Please correctly fill your Roll Number in O.M.R. Sheet. **5 Marks** can be deducted for filling wrong or incomplete Roll Number.
10. If there is any sort of ambiguity/mistake either of printing or factual nature, then out of Hindi and English Version of the question, the English Version will be treated as standard.

**Warning :** If a candidate is found copying or if any unauthorized material is found in his/her possession, F.I.R. would be lodged against him/her in the Police Station and he/she would liable to be prosecuted. Department may also debar him/her permanently from all future examinations.

**इस परीक्षा पुस्तिका को तब तक न खोलें जब तक कहा न जाए।**

**Do not open this Test Booklet until you are asked to do so.**

Adda247

Test Prime

ALL EXAMS, ONE SUBSCRIPTION

80,000+
Mock Tests

Personalised
Report Card

Unlimited
Re-Attempt

600+
Exam Covered

20,000+ Previous
Year Papers

500%
Refund

ATTEMPT FREE MOCK NOW

1. अनेकार्थी 'अज' का अर्थ नहीं होता –
(1) विष्णु (2) शिव
(3) मेढ़ा (4) घोड़ा

2. निम्न में से किसे राजपत्र में प्रकाशित किया जाता है?
(1) परिपत्र (2) अधिसूचना
(3) निविदा (4) ज्ञापन

3. किस विकल्प में असंगत विलोम शब्द है?
(1) सुकर – दुष्कर (2) ग्रस्त – मुक्त
(3) यथार्थ – कल्पित (4) अमर – अजर

4. 'ज्ञापन' के संदर्भ में इनमें से कौनसा कथन असंगत है?
(1) सरकारी पत्राचार में अपने समकक्ष तथा अधीनस्थ कर्मचारी को सामान्य संदेश प्रेषण के लिए लिखा गया पत्र ज्ञापन कहलाता है।
(2) 'ज्ञापन' अन्य पुरुष शैली में लिखा जाता है।
(3) 'ज्ञापन' में न तो अभिवादन होता है और ना ही अंत में प्रशंसा वाक्य होता है।
(4) 'ज्ञापन' में प्रेषिती (प्राप्तकर्ता) का नाम, पता पत्र के ऊपर दायीं तरफ लिखा जाता है।

5. किस विकल्प के सभी शब्द स्वर संधि के हैं?
(1) तदर्थ, उत्थान, उल्लास (2) उत्तमांग, विद्यार्थी, देवीच्छा
(3) अतएव, निष्ठुर, अतीव (4) विषम, मार्तण्ड, महात्मा

6. 'नी' प्रत्यय रहित शब्द वाला विकल्प है –
(1) चटनी (2) ओढ़नी
(3) सूँघनी (4) नानी

7. किस विकल्प के दोनों शब्द बहुव्रीहि समास के उदाहरण हैं?
(1) जितेन्द्रिय, मुनिवर (2) दत्तधन, हथकड़ी
(3) विमल, आजन्म (4) निर्जन, पंचानन

8. किस विकल्प से सभी शब्दों में उपसर्ग का प्रयोग हुआ है?
(1) सुकर्म, संकल्प, छमाछम (2) अवतरण, दुर्जन, टालमटोल
(3) व्याकुल, विदुर, विवाद (4) पर्याप्त, दुर्दिन, अभ्यागत

9. कोई राजकीय या गैर राजकीय संस्थान अपने निर्देश, योजना, निर्णय आदि को संबंधित व्यक्तियों तथा आम जनता तक पहुँचाने के लिए इनमें से किस का प्रयोग करता है?
(1) ज्ञापन (2) अधिसूचना
(3) विज्ञप्ति (4) साधारण कार्यालयी पत्र

10. यह शब्द अनेकार्थी है –
(1) कर (2) भ्रमर
(3) प्रतिश्रुति (4) दैनन्दिन

11. निम्न में से कौन सा कथन असंगत है?
(1) सरकारी कार्यालयों द्वारा सामान आपूर्ति, निर्माण कार्य आदि के लिए कार्य संपन्न करने वाले व्यक्तियों या प्रतिष्ठानों को समाचार पत्रों के माध्यम से जो आमंत्रण प्रकाशित किया जाता है, उसे निविदा कहते हैं।
(2) सरकारी प्रतिष्ठान ही निविदा जारी कर सकते हैं।
(3) निविदा में अनुमानित राशि एवं कार्य का विवरण देना आवश्यक होता है।
(4) निविदा में क्रमांक तथा जारी करने वाले अधिकारी का पदनाम आवश्यक होता है।

12. शुद्ध वाक्य बताइए –
(1) उत्तम चरित्र–निर्माण हमारे लक्ष्य होने चाहिए। (2) प्रस्तुत पंक्तियां 'सरोज स्मृति' से ली हैं।
(3) सब यहाँ कुशलतापूर्वक हैं। (4) केवल महिलाओं के लिए आरक्षित।

13. किस विकल्प में मूल शब्द एवं प्रत्यय का विभाजन दोषपूर्ण है?
(1) मारुति – मारुत + इ (2) ग्रामीण – ग्राम + ईन
(3) बुढ़ापा – बूढ़ा + पा (4) मानव – मनु + अ

14. विसर्ग संधि और व्यंजन संधि के उदाहरण हैं –
(1) कपीस, ऋग्वेद (2) महेश, उज्ज्वल
(3) नीरोग, सन्मार्ग (4) दुर्गुण, प्रत्येक

15. निम्नलिखित में से किस वाक्यांश के लिए असंगत शब्द का प्रयोग हुआ है?
(1) सबको एक सा देखनेवाला – समदर्शी (2) उपकार को माननेवाला – कृतघ्न
(3) जो पहले हो चुका हो – भूतपूर्व (4) अच्छे आचरण वाला – सदाचारी

16. 'अधिसूचना' के संबंध में सही कथन है –
(1) राजपत्रित अधिकारियों, उच्च अधिकारियों की नियुक्ति, प्रतिनियुक्ति, पदोन्नति हेतु अधिसूचना का प्रयोग नहीं होता है।
(2) अधिसूचना में क्रमांक आवश्यक होता है।
(3) सरकारी नियमों–अधिनियमों को प्रकाशित करने के लिए अधिसूचना का प्रयोग नहीं हो सकता।
(4) अधिसूचना अन्यपुरुष शैली में लिखना अमान्य है।

17. किस विकल्प के सभी शब्द परस्पर पर्यायवाची नहीं हैं?
(1) राक्षस, मनुजाद, दैत्य (2) प्रसून, कुसुम, पल्लव
(3) पीयूष, सुधा, अमृत (4) गंगा, त्रिपथगा, अलकनंदा

18. इनमें से शुद्ध शब्द बताइए –
(1) निरोग (2) अम्न
(3) सौहार्द (4) पुनरावलोकन

19. किस सरकारी पत्र में पत्र के ऊपरी हिस्से में बायें शीर्ष पर प्रेषक अधिकारी का नाम–पद छपा रहता है?
(1) अधिसूचना (2) ज्ञापन
(3) परिपत्र (4) अर्धशासकीय पत्र

20. सही अर्थयुक्त शब्द युग्म है –
(1) अचल – पुरुष, अचला – पृथ्वी (2) तरणी – युवती, तरुणी – षोडषी
(3) क्रोड –गोद, करोड़ – सौ लाख (4) सूची – तालिका, शुचि – इंद्राणी

21. 'का बरखा जब कृषि सुखाने' लोकोक्ति का सही अर्थ है –
(1) वर्षा ऋतु के बाद फसल कटती है। (2) वर्षा ऋतु से कृषि को लाभ होता है।
(3) काम बिगड़ने पर सहायता व्यर्थ होती है। (4) काम बिगाड़ने के लिए वर्षा आती है।

22. 'आग में घी डालना' मुहावरे का सही अर्थ है –
(1) हवन करना (2) क्रोध भड़काना
(3) आहूति देना (4) अपमान करना

23. मुहावरे का सही अर्थ है –
(1) दाँत काटी रोटी – पक्की दोस्ती (2) गुड़ गोबर करना – गंदगी फैलाना
(3) गाल बजाना – चापलूसी करना (4) गड़े मुर्दे उखाड़ना – ऐतिहासिक उत्खन्न

24. किस विकल्प के सभी शब्द 'अनु' उपसर्ग से बने हैं?
(1) अनुशासन, अनुर्वर (2) अनुकरण, अनुचित
(3) अनुज, अनुग्रह (4) अनुरूप, अनुपयुक्त

Adda247 GET IT ON Google Play

25. जब कोई एक पत्र अनेक कर्मचारियों, विभागों या शाखाओं को भेजा जाता है, तब उस पत्र को कहा जाता है –
(1) परिपत्र
(2) अनुस्मारक
(3) विशेष स्मारक पत्र
(4) अर्ध शासकीय पत्र

26. किस विकल्प में सभी शब्द तत्पुरुष समास से निर्मित हैं?
(1) मनोहर, हवनकुण्ड, भयभीत
(2) रसोईघर, पतझड़, लखपति
(3) प्रदेश, दुरंगा, अठवारा
(4) यथाशक्ति, पदयात्रा, दीनानाथ

27. किस विकल्प के सभी शब्द शुद्ध हैं?
(1) स्वातंत्र्य, हितैषी, तदोपरांत
(2) निरपराध, उच्छ्वांस, उच्छृंखल
(3) अनुग्रहित, मंत्रीमंडल, तात्कालिक
(4) पुष्ठि, अभ्यार्थी, उज्ज्वल

**निम्नलिखित गद्यांश को पढ़ने के बाद नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए – (प्रश्न 28, 29, 30)**

संसार में हमें प्रत्येक पथ पर संघर्ष करके अपना मार्ग स्वयं बनाना पड़ता है। यदि हम श्रम करते हैं, तब जीवन के संघर्ष में हमें विजय मिल पाती है। हम जितने भी शक्तिशाली और साधन संपन्न हों पर यदि श्रम करने से जी चुराते हैं, तो हमारी शक्ति और साधन समपन्नता अकेले हमें लक्ष्य की ओर नहीं ले जा सकती। श्रम का असली रूप तो सारी प्रकृति में देखने को मिलता है। पशु–पक्षी, जीव–जंतु सभी निरंतर श्रम में लगे रहते हैं। रंगीन तितलियाँ धूप में उड़ती फिरती हैं और सुगंधित सुमनों के सौरभ का पान करके सुखी होती हैं। मधुमक्खियों को फूलों के कोष से मधु निकाल कर संचित करने में कम श्रम नहीं करना पड़ता। चींटी को तो कविवर पंत ने श्रम का प्रतीक ही बना दिया है –
दिन भर में वह मीलों चलती,
अथक कार्य से कभी न हटती।

28. चींटी को श्रम का प्रतीक मानने का कारण है –
(1) वह मीलों चलती है।
(2) वह अथक परिश्रम करती है।
(3) वह लघुकाय है।
(4) वह कविवर पंत को प्रिय है।

29. उक्त गद्यांश का सर्वाधिक संगत शीर्षक है –
(1) संघर्ष पथ पर
(2) लक्ष्य की ओर
(3) श्रम का प्रतीक
(4) श्रम का महत्त्व

30. मनुष्य की लक्ष्य प्राप्ति में सबसे आवश्यक तत्व है –
(1) शक्ति
(2) साधन संपन्नता
(3) श्रम
(4) ईश्वर भक्ति

31. किशोर छात्रों के अवांछित व्यवहार को संशोधित करने का सबसे प्रभावी तरीका है –
(1) छात्रों को दण्ड देना
(2) माता–पिता को सूचित करना
(3) छात्रों के अवांछित व्यवहार के कारणों का पता लगाने के लिए इसके सुधार के उपाय सुझाएं
(4) उन्हें नजरअंदाज कर दिया जाए

32. मोतीलाल मेनारिया के अनुसार बीसलदेव रासो का रचनाकाल समय है –
(1) 14 वीं शताब्दी
(2) 15 वीं शताब्दी
(3) 16 वीं शताब्दी
(4) स्पष्ट नहीं

33. डॉ. रामकुमार वर्मा ने हिन्दी साहित्य की आरंभिक सीमा कौनसी मानी है?
(1) 693 ई.
(2) 695 ई.
(3) 697 ई.
(4) 699 ई.

34. बड़े – बड़े नैनन सों आँसू भरि–भरि ढ़रि।
गोरो गोरो मुख आज ओरो सो बिलानो जात।
यह पंक्तियां लिखने वाले कवि हैं –
(1) देव
(2) बिहारी
(3) मतिराम
(4) पद्माकर

Adda247 GET IT ON Google Play

35. निम्नांकित में से कौन सा सिस्टम (प्रणाली) का समष्टिज है?
   (a) अदा
   (b) प्रदा
   (c) पर्यावरणीय संदर्भ
   (d) प्रक्रिया
   उपयुक्त विकल्प चुनें –
   (1) केवल (a), (b) एवं (d)
   (2) केवल (a), (b) एवं (c)
   (3) (a), (b), (c) एवं (d) सभी
   (4) केवल (a) एवं (d)

36. शिक्षक स्कूल में छात्रों के लिए एक आदर्श मॉडल है। कक्षा में शिक्षक जो कहता है या करता है, छात्र उसका अनुकरण करते हैं। अवलोकनात्मक अधिगम प्रक्रिया के अनुसार इस मुख्य प्रक्रिया को कहा जाता है –
   (1) प्रतिधारण
   (2) उत्पादन
   (3) अवधान
   (4) अभिप्रेरणा

37. मन के चंचल विकारों को ............................ कहते हैं।
   (1) विभाव
   (2) अनुभाव
   (3) संचारी भाव
   (4) स्थायी भाव

38. संस्कृत साहित्य में 'शिरीष के फूल' को क्या माना गया है?
   (1) कठोर
   (2) कोमल
   (3) कांटेदार
   (4) सुगंधित

39. नीचे कुछ मनोवैज्ञानिकों और उनके द्वारा जिन पशुओं/पक्षी/जानवर पर प्रयोग किये गये हैं, के साथ युग्म दिया गया है। कौनसा युग्म सुमेलित नहीं है?
   (1) थार्नडाइक – बिल्ली
   (2) पावलव – कुत्ता
   (3) स्किनर – चूहा
   (4) कोहलर – कबूतर

40. राजस्थान का सर्वप्रथम समाचार पत्र माना जाता है –
   (1) राजपूताना अखबार
   (2) दैनिक नवज्योति
   (3) मजहरूल सरूर
   (4) जगलाभ चिन्तक

41. 'पानी गए न ऊबरे, मोती, मानुष, चून।' यह किस छंद की पंक्ति है?
   (1) रोला
   (2) चौपाई
   (3) दोहा
   (4) गीतिका

42. सही क्रम बताइए –
   (1) वैदिक संस्कृत – लौकिक संस्कृत – पालि – प्राकृत
   (2) प्राकृत – वैदिक संस्कृत – लौकिक संस्कृत – पालि
   (3) वैदिक संस्कृत – लौकिक संस्कृत – पालि – अपभ्रंश
   (4) वैदिक संस्कृत – पालि – अपभ्रंश – प्राकृत

43. निर्मितवाद/रचनावाद उपागम के अनुसार निम्न में से कौनसी अधिगम की दशा नहीं है?
   (1) जटिल अधिगम वातावरण
   (2) सामाजिक पारस्परिक सहमति
   (3) बहु परिप्रेक्ष्य
   (4) अध्यापक द्वारा अधिगम का स्वामित्व

44. 'चौथा सप्तक' के एकमात्र कवि जिनका संबंध राजस्थान से रहा है –
   (1) विजेन्द्र
   (2) मदन डागा
   (3) मरूधर मृदुल
   (4) नन्दकिशोर आचार्य

Adda247 GET IT ON Google Play

45. संवेगात्मक बुद्धि का प्रत्यक्ष एवं प्रमुख तत्व है –
   (a) बुद्धि लब्धि
   (b) संवेगात्मक सजगता
   (c) संवेगात्मक नियंत्रण
   (d) अभिक्षमता

   सही उत्तर का चयन निम्नलिखित कोड से कीजिये –

   कोड –
   (1) केवल (a)
   (2) केवल (b) एवं (c)
   (3) केवल (a) एवं (d)
   (4) केवल (d)

46. जनसंचार का माध्यम है –
   (1) आकाशवाणी
   (2) दूरदर्शन
   (3) इन्टरनेट
   (4) उपर्युक्त सभी

47. शक्तिर्निपुणता लोकशास्त्र काव्याद्यवेक्षणात्।
   काव्यज्ञ शिक्षयाभ्यास इति हेतुस्त दुद्भवे।।
   काव्य हेतु विषयक यह मत किस आचार्य का है?
   (1) वामन
   (2) मम्मट
   (3) रुद्रट
   (4) हेमचन्द्र

48. अनुकरण सिद्धांत के संबंध में उपयुक्त कथन है –
   (1) कला प्रकृति का अनुकरण नहीं है।
   (2) पुनर्प्रस्तुतीकरण ही अनुकरण है।
   (3) अनुकरण एक कृत्रिम प्रक्रिया है।
   (4) अनुकरण के संबंध में अरस्तु और प्लेटो के मत समान हैं।

49. माधव के ब्याह को कितने साल हुए थे?
   (1) एक साल
   (2) दो साल
   (3) तीन साल
   (4) छह साल

50. स्किनर के क्रिया प्रसूत अनुबंधन सिद्धांत के अनुरूप निम्नांकित में से कौनसा सही नहीं है?
   (1) यह विद्यार्थियों को उनकी गति से सीखने पर बल देता है।
   (2) यह क्या पढ़ाया जाना है इसकी स्पष्टता पर बल देता है।
   (3) इसका मत है कि आधारभूत बातों को आरंभ में ही सिखाया जाना चाहिए।
   (4) इसके अनुसार विद्यार्थियों को अंतर्दृष्टि अधिगम हेतु छोड़ देना चाहिए।

51. देवनागरी लिपि की विशेषता नहीं है –
   (1) वर्णमाला का वर्गीकरण
   (2) लिपि चिन्हों के नाम ध्वनि के अनुरूप
   (3) एक ध्वनि के लिए एकाधिक लिपि चिन्ह
   (4) लिपि चिन्हों की पर्याप्तता

52. 'रीतिबद्ध कवि वे हैं जिन्होंने रीतिग्रन्थों की रचना न करके काव्य सिद्धांतों या लक्षणों के अनुसार काव्य रचना की है।' रीतिकाव्य के संदर्भ में यह स्थापना निम्न विद्वान की है –
   (1) विश्वनाथ प्रसाद मिश्र
   (2) डॉ. नगेन्द्र
   (3) डॉ. धीरेन्द्र वर्मा
   (4) डॉ. भोलानाथ तिवारी

53. 'मिश्र बंधु विनोद' के कुल प्रकाशित भाग हैं –
   (1) दो
   (2) तीन
   (3) चार
   (4) पाँच

54. रीतिमुक्त काव्यधारा में इन्हें नहीं माना जाता है –
(1) घनानन्द
(2) ठाकुर
(3) पजनेस
(4) बोधा

55. तुलसीदास की रचना नहीं है –
(1) रामललानहछू
(2) पार्वतीमंगल
(3) जानकी मंगल
(4) रामरक्षा–स्तोत्र

56. "शिक्षा मनोविज्ञान, व्यक्ति के जन्म से वृद्धावस्था तक सीखने के अनुभवों का वर्णन और व्याख्या करता है।" शिक्षा मनोविज्ञान की यह परिभाषा किसने दी है?
(1) जॉन डीवी
(2) हरलाक
(3) क्रो और क्रो
(4) मुनरो

57. किशोरावस्था में नैतिक निर्णय के बारे में से निम्न में से कौन सा सत्य नहीं है?
(1) नैतिक निर्णय कम स्वकेन्द्रित होते हैं।
(2) नैतिक निर्णय कम मनोवैज्ञानिक तनाव/दबाव पैदा करते हैं।
(3) नैतिक निर्णय अधिक संज्ञानात्मक होते जाते हैं।
(4) नैतिक निर्णय ज्यादा अमूर्त होते जाते हैं।

58. 'सतगुर सवाँन को सगा' में 'सवाँन' क्या है?
(1) सर्वांग
(2) स्वांग
(3) समान
(4) नियम

59. 'चहियत युगल किशोर लखि, लोचन युगल अनेक।' युगल किशोर को देखने के लिए अनेक नेत्र युगल क्यों चाहिए?
(1) युगलकिशोर बहुत दूर स्थित हैं।
(2) दो नेत्र यह शोभा देखने के लिए अपर्याप्त हैं।
(3) युगलकिशोर की छवि अनेक है।
(4) दो नेत्र यह शोभा देखकर चकित हैं।

60. तीन प्रकार की व्यंजनाओं में आनन्दवर्धन ने किसे सर्वोत्कृष्ट स्थान प्रदान किया?
(1) वस्तु ध्वनि
(2) रस ध्वनि
(3) अलंकार ध्वनि
(4) गुणीभूत ध्वनि

61. रस के संदर्भ में हृदय की मुक्तावस्था को संकीर्णता से मुक्त अनुभव कहने वाले विद्वान हैं –
(1) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल
(2) आचार्य नलिन विलोचन शर्मा
(3) आचार्य देवराज उपाध्याय
(4) आचार्य नवल किशोर

62. काव्यं यशसेऽर्थकृते व्यवहार विदे शिवेतरक्षतये।
सद्यः परनिर्वृतये कान्ता सम्मिततयोपदेश युजे।।
काव्य प्रयोजन विषयक यह मत किसका है?
(1) दण्डी
(2) विश्वनाथ
(3) भामह
(4) मम्मट

63. 'कीरति भनिति भूति भलि सोई'। यहाँ भूति से क्या आशय है?
(1) भूत
(2) भभूत
(3) व्यतीत
(4) संपत्ति

64. तेरहवीं शती की रचना है –
(1) महापुराण
(2) राउल वेल
(3) विजयपाल रासो
(4) संदेश रासक

65. 'मरुभूमि का वह मेघ' किस विख्यात विभूति की जीवनी है?
(1) हरिभाऊ उपाध्याय (2) घनश्याम दास बिड़ला
(3) माणिक्यलाल वर्मा (4) हनुमान प्रसाद पोद्दार

66. देवकीनन्दन खत्री का प्रसिद्ध उपन्यास चन्द्रकान्ता का प्रकाशन वर्ष है –
(1) 1880 (2) 1882
(3) 1891 (4) 1893

67. विट्ठलनाथ के शिष्य माने जाते हैं –
(1) कुम्भनदास (2) सूरदास
(3) नंददास (4) कृष्णदास

68. वृन्दावन विहरत फिरै राधा नन्द किशोर।
नीरद यामिनी जानि संग डोलैं बोलैं मोर।।
यहाँ किस अलंकार का प्रयोग हुआ है?
(1) उपमा (2) सन्देह
(3) उदाहरण (4) भ्रान्तिमान

69. यह विकल्प सही है –
(1) मित्र विलास – लाहौर (2) भारत बन्धु – दिल्ली
(3) सज्जन कीर्ति सुधाकर – जोधपुर (4) सदादर्श – अजमेर

70. शिक्षण प्रतिमान एवं प्रतिपादक का सही युग्म है –
(1) ऑलपोर्ट – भूमिका निर्वाह प्रतिमान (2) ग्लैसर – प्रगत संगठनात्मक प्रतिमान
(3) रिचर्ड सचमैन – पूछताछ प्रशिक्षण प्रतिमान (4) जीन पियाजे – संप्रत्यय उपलब्धि प्रतिमान

71. 'मनुष्य का मन एक समुद्र में तैरते हुए बर्फ़ के शिलाखण्ड (आइसबर्ग) के समान है।' यह वाक्य किस आलोचक/सिद्धांतकार का है?
(1) कार्ल जुंग (2) सिग्मण्ड फ्रायड
(3) हैवलाक एलिस (4) सोरेन कीर्कगार्द

72. उर्मिला ने अपने यौवन को क्या कहा है?
(1) मदमाती (2) बालक
(3) अल्हड़ (4) आग

73. लोंजाइनस के 'उदात्त' में सम्मिलित है –
(1) भावावेश की तीव्रता (2) अलंकार मुक्त काव्य
(3) वंचित सहानुभूति (4) अत्यधिक शब्दाडम्बर

74. 'डायरी में प्रतिदिन के ताजे अनुभव लिखे जाते हैं, जबकि आत्मकथा में सुसम्बद्ध ढंग से अतीत की घटनाओं और अनुभवों को चुनकर लिखा जाता है।' यहाँ डायरी और आत्मकथा के सम्बंध में –
(1) दोनों बातें सही हैं। (2) डायरी पर गलत तथा आत्मकथा पर सही है।
(3) डायरी पर सही तथा आत्मकथा पर गलत है। (4) दोनों बातें गलत हैं।

75. शुक्ल जी कैसी वृत्तिवालों को कविता न करने की सलाह देते हैं?
(1) काम वृत्ति (2) तुच्छ वृत्ति
(3) वणिक वृत्ति (4) लोभ वृत्ति

76. लक्ष्मण जब श्रान्त पवन की तरह आवें तो उर्मिला क्या बनना चाहती है?
(1) पेड़ की पत्ती (2) बांसुरी
(3) अग्नि शिखा (4) सुरभि–समान

77. घीसू के अनुसार माधव की पत्नी को पुण्य क्यों मिलेगा?
(1) क्योंकि उन्होंने भरपेट भोजन किया है।
(2) क्योंकि उनकी आत्मा प्रसन्न हो रही है।
(3) क्योंकि उन्हें मदिरा मिली है।
(4) क्योंकि वह भली स्त्री थी।

78. रांगेय राघव कृत रचना है –
(1) धरती मेरा गाँव
(2) तूफ़ानों के बीच
(3) लोई की बहना
(4) मुर्दों की बस्ती

79. कबीर के बीजक का भाग नहीं है –
(1) रमैनी
(2) सबद
(3) सतबानी
(4) साखी

80. 'आनंद कादंबिनी' के सम्पादक थे?
(1) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र
(2) प्रताप नारायण मिश्र
(3) उपाध्याय बद्रीनारायण चौधरी 'प्रेमघन'
(4) बालकृष्ण भट्ट

81. पृथ्वीराज रासो में वर्णित घटनाओं तथा संवतों को बिल्कुल भाटों की कल्पना मानने वाले विद्वान हैं –
(1) पं. गौरीशंकर हीराचंद ओझा
(2) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल
(3) महामहोपाध्याय पं. हरप्रसाद शास्त्री
(4) मुनि जिन विजय

82. 'गुनवंत हेमंत' किसकी कविता है?
(1) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र
(2) श्रीधर पाठक
(3) अयोध्यासिंह उपाध्याय 'हरिऔध'
(4) मैथिलीशरण गुप्त

83. आचार्य कुन्तक ने इनमें से किसे वक्रोक्ति का एक भेद नहीं माना है?
(1) प्रबंध वक्रता
(2) अर्थ वक्रता
(3) वर्ण विन्यास वक्रता
(4) पद पूर्वार्ध वक्रता

84. 'लोग हैं लागि कवित्त बनावत, मोहिं तो मेरे कवित्त बनावत।' यह पंक्ति किस कवि की है?
(1) आलम
(2) बोधा
(3) घनानन्द
(4) ठाकुर

85. रहिमन आँसुवा नयन ढरि जिय दुख प्रगट करेइ जाहि निकारो गेह तें, कस न भेद कहि देइ।।
यहाँ कौन सा अलंकार है?
(1) उपमा
(2) भ्रान्तिमान
(3) रूपक
(4) दृष्टान्त

86. शुक्ल जी ने जिन ग्रन्थों के आधार पर आदिकाल की साहित्यिक प्रवृत्ति वीरगाथात्मक मानी है, उनमें से नहीं है –
(1) हम्मीर रासो
(2) बीसलदेव रासो
(3) परमाल रासो
(4) राउल वेल

87. रीतिकाल को श्रृंगारकाल की संज्ञा देने वाले विद्वान हैं –
(1) मुनि जिन विजय
(2) पं. विश्वनाथ प्रसाद मिश्र
(3) पं. विद्या निवास मिश्र
(4) डॉ. सुधीश पचौरी

88. सम्प्रेषण प्रक्रिया का प्रथम तत्व है –
(1) जनसंचार
(2) संदेश भेजने वाला
(3) संदेश प्राप्त करने वाला
(4) संप्रेषण माध्यम

**89.** लक्षणा शब्द शक्ति का सही उदाहरण है –

(1) झूमत मतवारों झमकि बनमाली रस रूप।
(2) आगि बड़वागि ते बड़ी है आगि पेट की।
(3) कर्णधार संभाल कर पतवार अपनी थामना।
(4) निरख सखी ये खंजन आए।

**90.** भारत संघ की राजभाषा के रूप में हिन्दी को स्वीकार करने की तिथि है –

(1) 26 जनवरी, 1948
(2) 26 जनवरी, 1950
(3) 14 सितम्बर, 1949
(4) 14 सितम्बर, 1950

**91.** सघन कुंज छाया सुखद सीतल मंद समीर।
मन ह्वै जात अजौं वहै, वा जमुना के तीर।।
यह दोहा लिखा है–

(1) देव
(2) बिहारी
(3) सेनापति
(4) मतिराम

**92.** मधुलिका ने राजा से पुरस्कार स्वरूप क्या मांगा?

(1) राज–पाट
(2) खेत
(3) स्वर्ण मुद्राएं
(4) प्राणदण्ड

**93.** रीतिकाव्य की प्रमुख काव्य भाषा है –

(1) ब्रज
(2) अवधी
(3) राजस्थानी
(4) मगही

**94.** निम्न में से स्थायी भाव नहीं है –

(1) रति
(2) ह्रास
(3) शोक
(4) स्वेद

**95.** श्री संप्रदाय के आचार्य हैं –

(1) मध्वाचार्य
(2) वल्लभाचार्य
(3) निम्बार्काचार्य
(4) रामानुजाचार्य

**96.** 'बंदउँ कौसल्या दिसि प्राची' का आशय है –

(1) प्राची कौसल्या को प्रणाम करती है।
(2) प्राची और कौसल्या को प्रणाम।
(3) कौसल्या रूपी पूर्व दिशा की वन्दना।
(4) राम ने कौसल्या को प्रणाम किया।

**97.** निम्नांकित में से कौन सा सहयोगात्मक अधिगम का अवयव नहीं है?

(1) व्यक्तिगत जवाबदेही
(2) सकारात्मक अंतर्निभरता
(3) आमने सामने की अंतःक्रिया
(4) व्यक्तिगत संप्राप्ति

**98.** शुक्ल जी ने 'लाक्षणिक मूर्तिमत्ता और प्रयोग वैचित्र्य' का कवि किसे कहा है?

(1) घनानन्द
(2) बिहारी
(3) देव
(4) केशवदास

**99.** बीसलदेव रासो प्रधानतः काव्य है –

(1) वीर
(2) श्रृंगारी
(3) अध्यात्म
(4) भक्ति

**100.** पद्मावत की भाषा मानी गई है –

(1) ब्रज
(2) अवधी
(3) मेवाती
(4) मेवाड़ी

101. दादूदयाल की रचना है –
(1) अंगवधू (2) दादूविलास
(3) महला (4) रहिरास

102. 'जे बिनु काज दाहिनेहु बाएं' यह पंक्ति तुलसीदास कृत रामचरितमानस के किस खण्ड से ली गई है?
(1) सुन्दर काण्ड (2) किष्किन्धा काण्ड
(3) बालकाण्ड (4) लंका काण्ड

103. उद्दीपन किसे कहा जाता है?
(1) आश्रय के शरीर विकारों को (2) शारीरिक चेष्टाओं को
(3) विषय की बाहरी चेष्टाओं को (4) रति भावों को

104. 'बालिका मेरी मनोरम मित्र थी'। छायावाद के किस कवि की पंक्ति है?
(1) निराला (2) पंत
(3) प्रसाद (4) महादेवी वर्मा

105. काशी नागरी प्रचारिणी सभा की स्थापना किस वर्ष हुई?
(1) 1885 (2) 1889
(3) 1890 (4) 1893

106. राजस्थान के कवि नहीं है –
(1) मेघराज मुकुल (2) नंद चतुर्वेदी
(3) ऋतुराज (4) शिवमंगल सिंह सुमन

107. बारहमासा शैली का वर्णन सबसे पहले निम्न काव्य में मिलता है –
(1) पृथ्वीराज रासो (2) बीसलदेव रासो
(3) प्राकृत पैंगलम (4) जयमयंक–जस–चन्द्रिका

108. 'अम्बर पनघट में डुबो रही तारा–घट ऊषा नागरी' में कौनसा अलंकार है?
(1) उपमा (2) रूपक
(3) यमक (4) उत्प्रेक्षा

109. निम्न में से कौन सा कथन आई.सी.टी. के बारे में सही नहीं है?
(1) आई.सी.टी. आधुनिक शिक्षण का भाग है।
(2) शिक्षण में आई.सी.टी. का उपयोग शिक्षक के शारीरिक श्रम को कम करता है।
(3) आई.सी.टी. एक शिक्षक का विकल्प है।
(4) आई.सी.टी. शिक्षण को प्रभावी बनाता है।

110. 'को घटि ये वृषभानुजा वे हलधर के बीर।' यहाँ अलंकार है –
(1) सन्देह (2) श्लेष
(3) भ्रान्तिमान (4) उदाहरण

111. सिद्धों की संख्या बताई गई है –
(1) बाईस (2) चौरासी
(3) बावन (4) एक सौ आठ

**112.** सूची-I को सूची-II से सुमेलित करें –

| | सूची-I | | सूची-II |
|---|---|---|---|
| (a) | सामाजिक सांस्कृतिक रचनावाद | (i) | कोहलबर्ग |
| (b) | नैतिकता विकास का सिद्धांत | (ii) | वायगोत्स्की |
| (c) | संज्ञानात्मक विकास का सिद्धांत | (iii) | फ्रायड |
| (d) | मनोलैंगिक विकास का सिद्धांत | (iv) | पियाजे |

सही उत्तर का चयन कोड के अनुसार कीजिये –

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| **(1)** | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| **(2)** | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |
| **(3)** | (i) | (ii) | (iv) | (iii) |
| **(4)** | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |

**113.** आदिकाल की इस रचना में महाराणा प्रताप का वर्णन मिलता है –
**(1)** प्रताप रासो **(2)** खुमान रासो
**(3)** उदयसिंह रासो **(4)** मेवाड़ रासो

**114.** 'दारा की न दौर यह, रार नहीं खजुबे की।'
उक्त पंक्ति किस कवि की है?
**(1)** गंग **(2)** भूषण
**(3)** आलम **(4)** गुरु गोविन्द सिंह

**115.** 'कहानी छोटे मुँह बड़ी बात करती है।' यह कथन किस आलोचक का है?
**(1)** आचार्य रामचन्द्र शुक्ल **(2)** डॉ. रामविलास शर्मा
**(3)** डॉ. नामवर सिंह **(4)** डॉ विश्वम्भरनाथ उपाध्याय

**116.** हिन्दी के प्रथम आचार्य माने जाते हैं –
**(1)** सरहपाद **(2)** तुलसीदास
**(3)** केशवदास **(4)** भारतेन्दु हरिश्चन्द्र

**117.** पिउ सो कहहु संदेसड़ा हे भौंरा हे काग!
सो धनि बिरहें जरि मुई तेहिक धुआँ हम लाग।।
यह पंक्ति किस सूफी कवि की है?
**(1)** कुतुबन **(2)** मंझन
**(3)** जायसी **(4)** उस्मान

**118.** 'जा तनु की झाई परे' में अलंकार बताइए –
**(1)** भ्रान्तिमान **(2)** श्लेष
**(3)** संदेह **(4)** स्मृत्याभास

**119.** एक ओर अजगरहिं लखि एक ओर मृगराय।
विकल बटोही बीच ही, पद्यो मूरछा खाय।।
यहाँ किस रस की व्यंजना हुई है?
**(1)** वीभत्स रस **(2)** वीर रस
**(3)** भयानक रस **(4)** अद्भुत रस

**120.** गार्सा द् तासी का ग्रन्थ 'इस्त्वार् द ला लितरेत्यूर ऐन्दुई ऐ ऐन्दुस्तानी' का, प्रथम भाग किस वर्ष में प्रकाशित हुआ?
**(1)** 1820 **(2)** 1839
**(3)** 1847 **(4)** 1885

**121.** 'सतगुर कैं सदकै करूं', यहाँ सदकै से आशय है –
**(1)** न्योछावर **(2)** सत्य
**(3)** कसम **(4)** दिलासा

Adda247 GET IT ON Google Play

122. कंप्यूटर समर्थित अधिगम के संदर्भ में क्या सही नहीं है?
(1) कंप्यूटर इसका महत्त्वपूर्ण अवयव है।
(2) यह व्यक्तिगत, स्वगति अधिगम हेतु उपयुक्त नहीं है।
(3) यह शिक्षण को प्रभावी बनाता है।
(4) यह अधिगम को प्रभावी बनाता है।

123. शिक्षण अधिगम सामग्री की महत्ता की दृष्टि से निम्नलिखित कथनों में से कौनसे कथन उपयुक्त हैं?
(अ) विद्यार्थियों के अधिगम में सहायक होते हैं।
(ब) अनुदेशन विद्यार्थियों तक अच्छी तरह पहुँचने में सहायक।
(स) विद्यार्थियों के अभिप्रेरणा स्तर को बढ़ाने में सहायक।
(द) आनन्ददायी अधिगम को बढ़ाने में सहायक।
कोड –
(1) केवल (अ) एवं (ब)
(2) केवल (ब) एवं (स)
(3) केवल (अ), (द) एवं (ब)
(4) (अ), (ब), (स), (द) सभी

124. वल्लभाचार्य ने जीवों की कोटि में इन्हें परिगणित नहीं किया है –
(1) प्रवाह जीव
(2) ब्रह्म जीव
(3) पुष्टि जीव
(4) मर्यादा जीव

125. पूर्वी हिन्दी की बोली नहीं है –
(1) अवधी
(2) ब्रज
(3) बघेली
(4) छत्तीसगढ़ी

126. आर्य समाज की स्थापना किस वर्ष हुई?
(1) 1865
(2) 1875
(3) 1885
(4) 1895

127. एकु वान पुहवी नरेस कयमासह मुक्कउ।
उर उपरि परहरिउ वीर कष्षतर चुक्कउ।।
उक्त पंक्तियां किस आदिकालीन ग्रंथ से ली गई हैं?
(1) विजयपाल रासो
(2) खुमान रासो
(3) बीसलदेव रासो
(4) पृथ्वीराज रासो

128. काव्य–लक्षणकारों की दृष्टि से कौनसा विकल्प सुमेलित नहीं है?
(1) वाक्यं रसात्मकं काव्यम् = आचार्य विश्वनाथ
(2) रमणीयार्थ प्रतिपादकः शब्दः काव्यम् = पंडित राज जगन्नाथ
(3) शब्दार्थौ सहितौ काव्यतम् = भामह
(4) अदोषौ सगुणौ सालंकारौच शब्दार्थौ काव्यम् = मम्मट

129. कौशल के सेनापति किसका दमन करने जाते हैं?
(1) पहाड़ी निवासियों का
(2) श्रावस्ती वासियों का
(3) पहाड़ी दस्युओं का
(4) मगध वासियों का

130. पियाजे के संज्ञानात्मक विकास के सिद्धांत के अनुसार औपचारिक संक्रियात्मक अवस्था की आयु है –
(1) 11 वर्ष एवं उससे अधिक
(2) 11 माह एवं उससे कम
(3) 5 वर्ष एवं उससे कम
(4) 2 वर्ष से कम

131. कविता के दो भेद मुख्य रूप से प्रचलित हैं। उसका आधार कविता में निहित अनुभूति का स्वरूप है। ये दो आधार हो सकते हैं –
(1) आत्मनिष्ठ और वस्तुनिष्ठ
(2) महाकाव्य और प्रगीत
(3) छन्दबद्ध और छन्दमुक्त
(4) मुक्तक और छन्दमुक्त

**132.** रस के निर्वैयक्तिक होने का अर्थ क्या है?
(1) वह व्यक्ति से संबंध नहीं रखता।
(2) वह केवल विभाव से संबंध रखता है।
(3) वह व्यक्ति की संकीर्ण सीमाओं से परे होता है।
(4) वह स्थायी भाव से संबंधित होता है।

**133.** गोरी सोवै सेज पर, मुख पर डारे केस।
चल खुसरो घर आपने, रैन भई चहुँ देस।।
अमीर खुसरो ने किसके देहांत पर यह दोहा कहा था?
(1) निज़ामुद्दीन औलिया
(2) मुईनुद्दीन चिश्ती
(3) शेख फरीद
(4) बुल्ले शाह

**134.** इनमें से कौनसा कथन असंगत है?
(1) हरिगीतिका छंद में 16–12 पर यति होती है।
(2) उल्लाला के प्रथम और तृतीय चरण में 13–13 मात्राएं तथा द्वितीय और चतुर्थ चरण में 15–15 मात्राएं होती हैं।
(3) गीतिका में 14–12 पर यति होती है।
(4) रोला में 11–13 मात्राओं पर यति होती है।

**135.** 'शब्दों के अलंकार श्रोता को वक्तव्य की ओर उत्सुक बनाते हैं, वैसे ही अर्थालंकार उस वक्तव्य को गाढ़ भाव से अनुभव करने में सहायक होते हैं।' यह कथन किसका है?
(1) आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी
(2) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल
(3) आचार्य हज़ारी प्रसाद द्विवेदी
(4) आचार्य नगेन्द्र

**136.** 'समूचा भारतीय काव्य साहित्य रस को प्रत्यक्ष करने का प्रयत्न है।' उक्त कथन किसका है?
(1) अभिनव गुप्त
(2) शंभु गुप्त
(3) हज़ारी प्रसाद द्विवेदी
(4) नंद दुलारे वाजपेयी

**137.** भक्ति आंदोलन को भारतीय चिन्ता धारा का स्वाभाविक विकास बताने वाले विद्वान हैं –
(1) हज़ारी प्रसाद द्विवेदी
(2) इरफ़ान हबीब
(3) रोमिला थापर
(4) विश्वनाथ त्रिपाठी

**138.** भारतेन्दु का मूल नाटक है –
(1) सत्य हरिश्चंद्र
(2) मुद्राराक्षस
(3) भारत जननी
(4) प्रेम जोगनी

**139.** विद्यापति की रचना 'कीर्तिलता' की भाषा है –
(1) अपभ्रंश
(2) अवहट्ट
(3) मैथिल
(4) प्राकृत

**140.** साहित्य को 'ज्ञान राशि का संचित कोष' किसने कहा है?
(1) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र
(2) ठाकुर जगमोहन सिंह
(3) महावीर प्रसाद द्विवेदी
(4) श्याम सुन्दर दास

**141.** फोर्ट विलियम कॉलेज में हिन्दी–उर्दू गद्य पुस्तकें किस वर्ष में तैयार करवाई गईं?
(1) 1801
(2) 1802
(3) 1803
(4) 1804

**142.** ऋतुराज का कविता संग्रह है –
(1) ईमानदार दुनिया के लिए
(2) आशा नाम नदी
(3) उठे गूमड़े नीले
(4) आवाज़ अलग अलग है

**143.** यह शहर 'यही सच है' में आया है –
(1) जयपुर
(2) उदयपुर
(3) जौनपुर
(4) कानपुर



Adda247

**144.** चौपाई के संबंध में सही कथन है –
**(1)** चौपाई के प्रत्येक चरण में 12 मात्राएं होती हैं।
**(2)** चौपाई के प्रत्येक चरण में 26 मात्राएं होती हैं और 14–12 पर यति होती है।
**(3)** चौपाई के प्रत्येक चरण में 16 मात्राएं होती हैं।
**(4)** चौपाई के प्रत्येक चरण में 18 मात्राएं होती हैं।

**145.** हिन्दी क्षेत्र में आने वाले राज्यों में नहीं है –
**(1)** बिहार **(2)** झारखण्ड
**(3)** छत्तीसगढ़ **(4)** उड़ीसा

**146.** कक्षा में शिक्षण प्रतिमानों को लागू करने के लिए चार चरणों में नियोजन की आवश्यकता होती है, जो नीचे दिए गये हैं, लेकिन क्रम में व्यवस्थित नहीं है। कोड के अनुसार उन्हें अनुक्रमित कीजिये –
(अ) प्रतिक्रिया सिद्धांत (ब) संरचना
(स) सहायक अवलंब प्रणाली (द) सामाजिक प्रणाली
कोड –
**(1)** (ब) (अ) (द) (स) **(2)** (अ) (स) (ब) (द)
**(3)** (स) (ब) (द) (अ) **(4)** (द) (स) (ब) (अ)

**147.** शिक्षा मनोविज्ञान के संदर्भ में निम्नांकित में से कौन सा कथन सही नहीं है?
**(1)** यह वैज्ञानिक विधियों का प्रयोग करता है
**(2)** यह शिक्षक अधिगमकर्ता एवं शिक्षण प्रक्रिया से संबंधित है
**(3)** यह विविध अधिगमकर्ताओं के लिए उपयुक्त नहीं है
**(4)** यह उपयुक्त शिक्षण विधियों के चयन में उपयोगी है

**148.** इनमें से सर्वांग निरूपक कवि हैं –
**(1)** मतिराम **(2)** भिखारीदास
**(3)** पद्माकर **(4)** गंग

**149.** सुख दुख के मधुर मिलन से
यह जीवन हो परिपूरन ;
फिर घन में ओझल हो शशि
फिर शशि से ओझल हो घन।
इन पंक्तियों में काव्य गुण है –
**(1)** ओज **(2)** माधुर्य
**(3)** प्रसाद **(4)** ओज–प्रसाद

**150.** मानसिक अस्वस्थता प्रभावित करती है –
(a) शारीरिक स्वास्थ्य को
(b) व्यक्तित्व को
(c) समायोजन को
(d) चिंतन को
सही उत्तर निम्न विकल्पों से चुनें –
**(1)** (a) एवं (b) **(2)** (a) एवं (c)
**(3)** (b), (c) एवं (d) **(4)** (a), (b), (c) एवं (d)

-----------------------------------------------

Adda247
GET IT ON Google Play

Space for Rough Work / रफ कार्य के लिये जगह

Adda247